**साहित्य अकादेमी**
रवीन्द्र भवन, 35, फ़ीरोज़शाह मार्ग
नई दिल्ली 110 001
दूरभाष : 23386623, 23387064, ई-मेल : secretary@sahitya-akademi.gov.in

**डॉ. के. श्रीनिवासराव**
**सचिव**

सा.अ./61/18/सा.अ.पु./प्रे.वि./ 5 दिसंबर 2018

## प्रेस विज्ञप्ति
## साहित्य अकादेमी पुरस्कार 2018 घोषित

नई दिल्ली, 5 दिसंबर 2018; साहित्य अकादेमी ने आज 24 भाषाओं में अपने वार्षिक साहित्य अकादेमी पुरस्कार की घोषणा की। सात कविता-संग्रह, छह उपन्यास, छह कहानी-संग्रह, तीन आलोचना और दो निबंध-संग्रह के लिए साहित्य अकादेमी पुरस्कार घोषित किए गए।

पुरस्कारों की अनुशंसा 24 भारतीय भाषाओं की निर्णायक समितियों द्वारा की गई तथा साहित्य अकादेमी के अध्यक्ष डॉ. चंद्रशेखर कंबार की अध्यक्षता में आयोजित अकादेमी के कार्यकारी मंडल की बैठक में आज इन्हें अनुमोदित किया गया।

अपने कविता-संग्रहों के लिए पुरस्कृत कवि हैं : श्री सनंत ताँती (असमिया), श्री परेश नरेंद्र कामत (कोंकणी), श्री एस. रमेशन नायर (मलयाळम्), डॉ. मोहनजीत (पंजाबी), डॉ. राजेश कुमार व्यास (राजस्थानी), डॉ. रमाकांत शुक्ल (संस्कृत) तथा श्री खीमण यू. मुलाणी (सिंधी)।

श्री इंद्रजीत केसर (डोगरी), श्री अनीस सलीम (अंग्रेज़ी), श्रीमती चित्रा मुद्गल (हिंदी), श्री श्याम बेसरा (संताली), श्री एस. रामकृष्णन (तमिऴ) और श्री रहमान अब्बास (उर्दू) को उनके उपन्यासों के लिए पुरस्कृत किया गया।

अपने कहानी-संग्रहों के लिए पुरस्कृत लेखकों में श्री संजीव चट्टोपाध्याय (बाङ्ला), श्री ऋतुराज बसुमतारी (बोडो), श्री मुश्ताक़ अहमद मुश्ताक़ (कश्मीरी), प्रो. वीणा ठाकुर (मैथिली), श्री बुधिचन्द्र हैस्नाम्बा (मणिपुरी) और श्री लोकनाथ उपाध्याय चापागाईं (नेपाली)।

श्री के.जी. नागराजप्पा (कन्नड), श्री म. सु. पाटील (मराठी) और प्रो. दाशरथि दास (ओड़िया) को उनकी आलोचना कृति के लिए पुरस्कृत किया गया। प्रो. शरीफ़ा वीजलीवाला (गुजराती) और डॉ. कोलकलुरी इनोक (तेलुगु) को निबंध-संग्रह के लिए पुरस्कृत किया गया।

इन पुस्तकों को संबंधित भाषा की त्रिसदस्यीय निर्णायक समिति ने पुरस्कार के लिए निर्धारित चयन प्रक्रिया का पालन करते हुए पुरस्कार के लिए चुना है। नियमानुसार कार्यकारी मंडल ने निर्णायकों की सर्वसम्मति के आधार पर अथवा बहुमत के आधार पर चयनित पुस्तकों के लिए पुरस्कारों की घोषणा की है। पुरस्कार 1 जनवरी 2012 से 31 दिसंबर 2016 के दौरान पहली बार प्रकाशित पुस्तकों पर दिए गए हैं।

साहित्य अकादेमी पुरस्कार के रूप में एक उत्कीर्ण ताम्रफलक, शॉल और एक लाख रुपये की राशि साहित्य अकादेमी द्वारा नई दिल्ली में आयोजित साहित्योत्सव के दौरान 29 जनवरी 2019 को एक विशेष समारोह में प्रदान किए जाएँगे।

(के. श्रीनिवासराव)

**संलग्नक :** (क) पुरस्कार के लिए चुने गए रचनाकारों की सूची
(ख) निर्णायक समिति के सदस्यों की सूची

**प्रकाशन/प्रसारण हेतु जारी**

*अनुलग्नक 'क'*

## साहित्य अकादेमी पुरस्कार 2018

| भाषा | पुस्तक का भीर्शक | विधा | लेखक का नाम |
|---|---|---|---|
| असमिया | काइलेर दिनटो आमार ह'ब | कविता | सनंत ताँती |
| बाङ्ला | श्रीकृष्णेर शेष कटा दिन | कहानी | संजीव चट्टोपाध्याय |
| बोडो | दोंसे लामा | कहानी | रितुराज बसुमतारी |
| डोगरी | भागीरथ | उपन्यास | इंदरजीत केसर |
| अंग्रेज़ी | द ब्लाइंड लेडीज़ डीसेंडेंट्स | उपन्यास | अनीस सलीम |
| गुजराती | विभाजननी व्यथा | निबंध | शरीफ़ा वीजलीवाला |
| हिन्दी | पोस्ट बॉक्स नं. 203–नाला सोपारा | उपन्यास | चित्रा मुद्गल |
| कन्नड | अनुश्रेणी–यजामणिके | आलोचना | के.जी. नागराजप्पा |
| कश्मीरी | आख | कहानी | मुश्ताक़ अहमद मुश्ताक |
| कोंकणी | चित्रलिपी | कविता | परेश नरेंद्र कामत |
| मैथिली | परिणीता | कहानी | वीणा ठाकुर |
| मलयाळम् | गुरुपउर्णमी | कविता | एस. रमेशन नायर |
| मणिपुरी | ङमखैगी वाङमदा | कहानी | बुधिचन्द्र हैस्नाम्बा |
| मराठी | सर्जनप्रेरणा आणि कवित्वशोध | आलोचना | म. सु. पाटील |
| नेपाली | किन रोयौ उपमा | कहानी | लोकनाथ उपाध्याय चापागाईं |
| ओड़िया | प्रसंग पुरुणा भावना नूआ | आलोचना | दाशरथि दास |
| पंजाबी | कोने दा सूरज | कविता | मोहनजीत |
| राजस्थानी | कविता देवै दीठ | कविता | राजेश कुमार व्यास |
| संस्कृत | मम जननी | कविता | रमाकांत शुक्ल. |
| संताली | मारोम | उपन्यास | श्याम बेसरा 'जीवी रारेक' |
| सिंधी | जिया में टांडा | कविता | खीमण यू. मुलाणी |
| तमिऴ | संचारम | उपन्यास | एस. रामकृष्णन |
| तेलुगु | विमर्शिनी | निबंध | कोलकलुरी इनोक |
| उर्दू | रोहज़िन | उपन्यास | रहमान अब्बास |

*अनुलग्नक 'ख'*

## साहित्य अकादेमी पुरस्कार 2018 के निर्णायक समिति के सदस्य

| | |
|---|---|
| **असमिया**<br>श्री अतनु भट्टाचार्य<br>डॉ. दीप्ति फूकन पटगिरि<br>डॉ. परमानंद राजबंशी | **मणिपुरी**<br>श्री दिलीप मायेङबम<br>प्रो. इलाङबम दिनमणि सिंह<br>श्री एल. उपेंद्र शर्मा |
| **बाङ्ला**<br>प्रो नवनीता देव सेन<br>श्री समरेश मजुमदार<br>श्री तपन बंद्योपाध्याय | **मराठी**<br>श्री मधुकर वाकोड़े<br>श्री एन. डी. महनोर<br>प्रो. रमेश वारखेडे |
| **बोडो**<br>श्री अरविंद उज़ीर<br>डॉ. भूपेन नर्ज़ारी<br>डॉ. मंगल सिंह हाज़ोवारी | **नेपाली**<br>डॉ. वीणा हाङखिम<br>श्री दुर्गा खतिवड़ा<br>श्री मनप्रसाद सुब्बा |
| **डोगरी**<br>श्री शिव मैहता<br>श्री मोहन सिंह<br>श्री शिवदेव सुशील | **ओड़िया**<br>प्रो. आदिकंद साहू<br>प्रो. मनोरंजन प्रधान<br>डॉ. प्रमोद कुमार महांति |
| **अंग्रेज़ी**<br>श्री विक्रम के. दास<br>डॉ. जेंसी जेम्स<br>श्री किरण नागरकर | **पंजाबी**<br>प्रो. अवतार सिंह<br>श्री मोहन भंडारी<br>श्री नछतर |
| **गुजराती**<br>डॉ. रघुवीर चौधरी<br>श्री उत्पल भयाणी<br>श्री यशवंत मेहता | **राजस्थानी**<br>श्री बुलाकी शर्मा<br>श्री माधव नागदा<br>डॉ. लक्ष्मीकांत व्यास |
| **हिंदी**<br>डॉ. चंद्र त्रिखा<br>श्री गोविंद मिश्र<br>श्रीमती उषा किरण खान | **संस्कृत**<br>प्रो. सत्यव्रत शास्त्री<br>प्रो. श्रीनिवास वारखेड़ी<br>डॉ. वेणीमाधव शास्त्री |
| **कन्नड**<br>डॉ. आर तारिणी शुभदायिनी<br>प्रो. बसवराज पी. दोनुर<br>श्री चिदानंद शाली | **संताली**<br>श्री बादल हेंब्रम<br>श्री दाशरथि सरेन<br>श्री रघुनाथ हेंब्रम |
| **कश्मीरी**<br>श्री औतार कृष्ण रहबर<br>सुश्री रुख़्साना ज़बीं<br>प्रो. शाद रमज़ान | **सिंधी**<br>प्रो. अर्जुन चावला<br>श्री लखमी खिलाणी<br>श्री नंद जावेरी |
| **कोंकणी**<br>श्री दत्ता दामोदर नायक<br>श्री एन. शिवदास<br>श्री एस. एम. कृष्ण राव | **तमिळ**<br>प्रो. ई. सुंदरमूर्ति<br>सुश्री जी. तिलकवती<br>श्री तोपिल मोहमद मीरान |
| **मैथिली**<br>डॉ. शेफालिका वर्मा<br>डॉ. ताराकांत झा<br>श्री विवेकानंद ठाकुर | **तेलुगु**<br>श्री टी. देवीप्रिया<br>डॉ. नलिमेला भास्कर<br>डॉ. पापिनेनी शिवशंकर |
| **मलयाळम्**<br>श्री सी. राधाकृष्णन<br>श्री एम. मुकुंदन<br>डॉ. एम. एम. बशीर | **उर्दू**<br>प्रो. बेग एहसास<br>श्री जयंत परमार<br>श्री नुसरत ज़हीर अहमद |


PUNJABI
RAJASTHANI
SANSKRIT
SANTALI
TAMIL
TELUGU
URDU
Award
2018
VASANTH
PUBLIC TV
INSS
ZEE
NEWS 7
TAMIL
KAIRALI
People
SAKSHI TV




PUNJABI
RAJASTHANI
SANSKRIT
SANTALI
TELUGU
18
ZEE
KAIRALI
7